# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।

पत्रांक : 863/निरीक्षण दिनांक : 4-4-2022

सेवा में,

प्रधानाचार्य
सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल
सिविल लाइन्स मुरादाबाद।

**विषयः–** **विद्यालय निरीक्षण कर नेशनल बिल्डिंग कोड का प्रमाण पत्र प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भः–** आपका पत्र संख्या–**SLF/MB/244001/01/02/2011 Date-03-02-2022**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के माध्यम से आप द्वारा अपने विद्यालय भवन में का भवन सुरक्षित होने का प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अनुरोध किया गया था।

उक्त के कम में खण्ड के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता द्वारा विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया तथा प्रमाण–पत्र संलग्न कर आपको प्रेषित है।

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार।**

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

पत्रांक : / दिनांक :

*प्रतिलिपिः–*

1. सहायक अभियन्ता–तृतीय प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद को उनके द्वारा दी गयी आख्या के कम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. Smith Law Firm, Attorneys of Law, Kamluwaganja Road, Haldwani, (U.K) को सूचनार्थ प्रेषित। (ई–मेल द्वारा–info@smithlawfirm.in)

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

A.C Letter New 579

# —:प्रमाण—पत्रः—

सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाइन्स मुरादाबाद द्वारा उनके विद्यालय भवन के सुरक्षित होने का प्रमाण—पत्र का अनुरोध किय गया है। इसके कम में अवर अभियन्ता एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा उपलब्ध करायी गयी भवन की ड्राईग का अवलोकन किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा भवन का निर्माण/विस्तार/संशोधन वास्तविद् के सुपरविजन में कराये जाने का प्रमाण—पत्र उपलब्ध कराया गया है। अवगत कराया गया है कि मुख्य भवन 60 वर्ष से अधिक पुराना है तथा समय—समय पर भवन का विस्तार किया गया है। भवन तीन मंज़िला है तथा भू—तल एवं प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर कक्षाओं का संचालन होता है। भवन की ड्राईग एंव स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि मुख्य भवन की संरचना भार वाहक चिनाई की है, जिसके निरीक्षण एवं वाहय अवलोकन में कोई भी संरचनात्मक क्रेक, सेटलमेंट अथवा फेलियर परिलिक्षित नहीं हुआ है। भवन का रख—रखाव संतोषजनक है, भवन के विस्तार किये गये भाग में भवन का निर्माण आर0सी0सी0 कालॅम, बीम एवं स्लैब का है, जो सुदृढ एवं मजबूत है। कक्षों में दो—दो दरवाजे तथा दो खिड़किया है जिससे प्रकाश एवं हवा का सर्कुलेशन पर्याप्त है। प्रथम तल एंव द्वितीय तल पर जाने हेतु दो—दो स्टेयर केस (जीना) हैं। भवन के निरीक्षण में कॉलम, बीम, स्लैब तथा दीवारों में कहीं भी दरार अथवा स्टेलमेंट नहीं पाया गया। भवन में वर्षा, धूप एवं ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था है तथा आकस्मिकता की स्थिति में बच्चों के निकास की व्यवस्था है। भवन में नेशनल बिल्डिंग कोड—2005 के लाईफ सेफ्टी के अनुसार प्रविधान उपलब्ध है। वाहय अवलोकन मे पाया गया कि भवन सामान्य परिस्थितियों हेतु सुरक्षित है।

<u>नोटः—</u>पूर्व निर्मित विद्यालय भवन का वाहय अवलोकन (Visual Inspection) आश्रित प्रस्तुत प्रमाण—पत्र भवन के अभिकल्पनीय पहलूओं, निर्माण में प्रयुक्त विशिष्टि आंतरिक अवयवों की गुणवत्ता प्रमाणक नहीं है।

01/04/2022

अवर अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

ATTESTED COPY

Principal
St. Mary's Sr. Sec. School
Civil Lines,
Moradabad -244001(U.P.)

A.C Letter New 579